जनपद बाराबंकी

दिनांक- 06.02.2025

थाना कोतवाली नगर कार लूट की घटना से सम्बन्धित 25,000/-रुपये का इनामिया अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार-

दिनांक 05.02.2025 को वादी उमाशंकर यादव पुत्र स्व. जगदेव निवासी ग्राम पूरे गोबरे पोस्ट तिलोई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी हालपता अपार्टमेण्ट L-2 गोल्फ सिटी थाना सुशांत गोल्फ सिटी जनपद लखनऊ द्वारा थाना कोतवाली नगर पर तहरीर दिया गया कि वह रैपीडो टैक्सी में अपना वाहन स्विफ्ट डिजायर UP 32 PN 2512 चलाते हैं। दिनांक 05.02.2025 को दोपहर में टेंडरपाम अस्पताल के निकट अहिमामऊ चौराहा के पास खड़ा था तभी एक इवेंट प्राप्त हुआ जिसमें दो व्यक्तियों द्वारा गाड़ी में बैठकर रेलवे स्टेशन बाराबंकी चलने की बात कही गयी और रास्ते में प्लाट देखने के बहाने ग्राम भुहेरा के पास जान से मारने की धमकी देते हुए मेरी गाड़ी, 02 अदद मोबाइल,पर्स जिमसें 250-300 रुपये थे लेकर भाग गए। उक्त सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 128/2025 धारा 309/351 बीएनएस बनाम 02 व्यक्ति अज्ञात पंजीकृत किया गया।

घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान तहत दिनांक 05.02.2025 की रात्रि को थाना प्रभारी कोतवाली नगर व थानाध्यक्ष जहांगीराबाद मय हमराह पुलिस बल के साथ तलाश वांछित/चेकिंग में थे कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत सूत मिल रोड के पास 03 बदमाश मोटर साइकिल से आते हुए दिखायी दिये, पुलिस टीम द्वारा बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो पुलिस टीम को देखकर गिरफ्तारी से बचने हेतु बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई । पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त विजय कुमार रावत पुत्र राम प्रसाद रावत निवासी नन्दपुर कस्बा डूडा कालोनी के पास थाना चिनहट जनपद लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। अन्य फरार अभियुक्त 2. मोहित शर्मा पुत्र होली शर्मा निवासी सराय शेख, शेखर होटल के पास सतरिख रोड थाना चिनहट जनपद लखनऊ 3. सुरेन्द्र उर्फ नन्हू पुत्र चन्द्रशेखर रावत निवासी नानकुई थाना फतेहपुर जपनद बाराबंकी अंधेरा का फायदा उठाकर मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से 01 अदद देशी पिस्टल व खोखा कारतूस, कब्जे से पीड़ित का ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पीड़ित का पर्स जिसमें 255/-रुपये नकद बरामद किया गया तथा अभियुक्त की निशांदेही पर लूटी गई स्विफ्ट डिजायर कार UP 32 PN 2512 को थाना फतेहपुर क्षेत्र से बरामद किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त विजय कुमार रावत थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत सरथरा रेलवे क्रासिंग के पास एक महिला से लूट के अभियोग के सम्बन्ध में 25,000/-रुपये का इनामिया था तथा थाना जहांगीराबाद क्षेत्रान्तर्गत मोबाइल लूट के प्रकरण में पंजीकृत मु0अ0सं0 10/2025 धारा 304 बीएनएस में वांछित था। अभियुक्त विजय कुमार रावत थाना चिनहट जनपद लखनऊ का हिस्ट्रीशीटर है।

घायल/गिरफ्तार अभियुक्त-

विजय कुमार रावत पुत्र राम प्रसाद रावत निवासी नन्दपुर कस्बा डूडा कालोनी के पास थाना चिनहट जनपद लखनऊ

अनावरित अभियोग-

1. मु0अ0सं0 128/2025 धारा 309/351 बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
2. मु0अ0सं0 10/2025 धारा 304 बीएनएस थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी

बरामदगी-

1. 01 अदद स्विफ्ट डिजायर
2. पीड़ित का ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पीड़ित का पर्स व 255/-रुपये नकद,
3. 01 अदद देशी पिस्टल व खोखा कारतूस

आपराधिक इतिहास अभियुक्त विजय कुमार रावत

1. मु0अ0सं0 63/2022 धारा 379/411 भादवि थाना गोमतीनगर जनपद लखनऊ
2. मु0अ0सं0 482/2022 धारा 379/411 भादवि थाना गोमतीनगर जनपद लखनऊ
3. मु0अ0सं0 50/2023 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट थाना चिनहट जनपद लखनऊ
4. मु0अ0सं0 80/2022 धारा 379/411 भादवि थाना चिनहट जनपद लखनऊ
5. मु0अ0सं0 89/2022 धारा 406/411/420 भादवि थाना चिनहट जनपद लखनऊ
6. मु0अ0सं0 135/2022 धारा 380/411 भादवि थाना चिनहट जनपद लखनऊ
7. मु0अ0सं0 163/2022 धारा 380/411 भादवि थाना चिनहट जनपद लखनऊ
8. मु0अ0सं0 177/2022 धारा 379/411 भादवि थाना चिनहट जनपद लखनऊ
9. मु0अ0सं0 194/2022 धारा 379/411 भादवि थाना चिनहट जनपद लखनऊ
10. मु0अ0सं0 855/2022 धारा 392/411 भादवि थाना चिनहट जनपद लखनऊ
11. मु0अ0सं0 128/2025 धारा 309/351 बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
12. मु0अ0सं0 1071/2024 धारा 115(2)/309(6)/317(2)/317(4) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
13. मु0अ0सं0 57/2025 धारा 309(4)/317(2)/317(4) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी